
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट





बर्ष :13 अंक :370 पृष्ठ -4 दिनांक 13 जनवरी 2025 दिन सोमवार

## यूपी में सर्दी से अभी नहीं मिलेगी राहत, हल्की बारिश ने बढ़ाई ठंड

## मौसम विभाग ने ठंड को लेकर एक बार से अलर्ट जारी किया

उत्तर प्रदेश के लोगों को अभी ठंड से राहत मिलती है नजर नहीं आ रही है, आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे का अधिक प्रभाव पड़ने वाला है. मौसम विभाग ने रविवार यानी 12 जनवरी के एक बार फिर चेतावनी जारी की है. आईएमडी की तरफ से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज–चमक के बौछारे पड़ने का पूर्वानुमान है.वहीं अब ठंड का असर लोगों की दिन चर्या पर भी पड़ता नजर रहा है. जहां एक तरफ ठंड से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है तो वहीं कोहरे की वजह से ट्रेन भी तय से समय से देरी से चल रही हैं.मौसम विभाग ने यूपी के लोगों के लिए एक बार फिर चेतावनी जारी की है. मौसम



विभाग के मुताबिक, यूपी में कई स्थानों पर आज घन कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं ओला वृष्टि होने की संभावना मौसम विभाग ने जाहिर की है. मौसम विभाग ने बताया कि, अधिकतम तापमान में 2 डिग्री से सेल्सियस से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है. इसके अलावा न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री से सेल्सियस से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है.आईएमडी ने इन शहरों के लिए जारी किया अलर्टआईएमडी ने उत्तर प्रदेश के महरा. जगंज, कुशीनगर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, बलिया, गाजिपुर, जौनपुर, वाराणसी, संत रविदास नगर, चंदौली, मिर्जापुर और सोनभद्र के लिए अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा मौसम विभाग ने अगले 24–48 में उत्तर प्रदेश का मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है. मौसम विभाग ने कहा कि, उत्तर प्रदेश में कहीं– कहीं घना कोहरा होनें की संभावना है. मौसम विभाग ने यह भी कहा कि, बीते 24 में घंटों में आयोध्या में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया.

## हड्डी के डॉक्टर ने कर दिया गर्भवती महिला का ऑपरेशन, नस कटने से मौत

उत्तर प्रदेश के झांसी के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में डिलीवरी के दौरान बच्चों को जन्म देने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. परिजनों ने डॉक्टर पर ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाते हुए नर्सिंग होम के बाहर हंगामा किया. हंगामा की सूचना मिलते ही कई स्थानों की पुलिस फोर्स नर्सिंग होम पहुंच गई. कई घंटे के हंगामा के बाद पुलिस ने परिजनों को समझा बूझकर मामला शांत कराया और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. झाँसी जनपद के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी कालोनी में रहने वाले मुकेश राजपूत ने बताया की उनकी पत्नी सोनम राजपूत गर्भवती थी. प्रसव पीड़ा होने पर शुक्रवार की शाम सोनम को झांसी के प्राइवेट नर्सिंग होम चिरंजीव हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था. मुकेश ने आरोप लगाया है कि जब मैं अपनी पत्नी को डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया तब वहां कोई महिला डॉक्टर नहीं थी.ब्लड बंद न होने के कारण हुई मौत अस्पताल के संच. ालक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय त्रिपाठी ने उसकी पत्नी की डिलीवरी का ऑपरेशन कर दिया जिस कारण उसकी नस कट गई जिससे ब्लड बंद नहीं हो रहा था. ब्लड बंद न होने के कारण सोनम की मौत हो गई. सोनम की मौत का पूरा मामला डॉक्टर रात भर परिजनों से छिपाए रहे. सुबह जाकर बताया कि आपकी पत्नी की मौत हो गई. यह सुनते ही परिजनों ने गुस्से में आकर नर्सिंग होम में हंगामा काटना शुरु कर दिया. नर्सिंग होम और डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग करने लगे. पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शवएसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मुकेश राजपूत जो अयोध्यापुरी थाना सीपरी बाजार के रहने वाले हैं. उनकी पत्नी की डिलीवरी होनी थी जिस कारण उन्हें यहां पर भर्ती कराया गया था. पत्नी की डिलीवरी हुई और ऑपरेशन भी. इसके बाद आज सुबह पत्नी की मौत हो गई. मुकेश के द्वारा आरोप लगाया गया है कि अस्पताल की ओर से लापरवाही की गई है. जिस कारण उनकी पत्नी की मौत हो गई. परिजनों की ओर से तहरीर मिली हुई है जिसके आधार पर जांच कराई जा रही है. साथ ही शव को पर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

## कन्नौज हादसे के घायलों के लिए रेलवे ने किया मुआवजे का ऐलान

उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रेलवे स्टेशन पर शनिवार को अमृत भारत योजना के तहत निर्माणाधीन दो मंजिला एक इमारत का लिंटर ढहने से मलबे में 20 से अधिक मजदूर दब गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. हादसे का संज्ञान लेते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है और घटना में मामूली रूप से घायलों को 50–50 हजार रुपये तथा गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख रुपये देने की घोषणा की है. पुलिस के मुताबिक मलबे में कई मजदूरों के दबे होने की आशंका है. हालांकि, अधिकारियों ने दावा किया है कि इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई है.इस घटना के बाद तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया और छह घायल मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल भेजा गया है. इस घटना में अब तक कुल 23 लोग घायल हुए हैं. घटनास्थल से प्राप्त प्रारंभिक दृश्यों में अफरा–तफरी और भ्रम का माहौल दिखाई दे रहा था, जहां लोगों की भीड़, धूल और टूटी हुई बीम के बीच फंसे हुए लोगों को बचाने का प्रयास कर रही थी. मंत्री ने कहा– घटना की होगी जांच बचाव प्रयासों की निगरानी के लिए मौके पर पहुंचे समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने संवाददाताओं से कहा, 'इस हादसे में अब तक 23 लोग घायल हुए हैं. इनमें से 20 लोगों को मामूली चोटें आई हैं और तीन को गंभीर चोटें आई हैं. घटनास्थल पर बचाव अभियान अभी भी जारी है और इसमें कुछ और समय लगेगा.' मंत्री ने कहा कि जो इमारत ढही है, वह कन्नौज रेलवे स्टेशन का नया टर्मिनल है, जिसका निर्माण अमृत योजना के तहत किया जा रहा है. उन्होंने कहा, ष्बचाव अभियान पूरा होने के बाद घटना की गहन जांच की जाएगी.हादसे के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में भी भगदड़ मच गई. मौके पर अधिकारियों ने आकर जांच पड़ताल शुरू की और बचाव अभियान शुरू किया. कन्नौज के जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने हादसे के बारे में कहा, ष्प्रा. रंभिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब निर्माणाधीन इमारत की छत की शटरिंग गिर गई. छत की शटरिंग एक अस्थायी संरचना है जो कंक्रीट को जमने के दौरान सहारा देती है.दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवा. ईजिलाधिकारी ने कहा, हमारी पहली प्रा. थमिकता मलबे में फंसे हुए श्रमिकों को बचाना है. हम बचाव कार्यों के लिए अपने पास उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं.ष बचाव अभियान की निगरानी के लिए शुक्ल अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि हादसे के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ( और राज्य आपदा मोचन बल की टीमें भी राहत कार्य में जुटी हुई हैं. जिलाधिकारी ने बताया कि रेलवे ने दो कोच वाली विशेष ट्रेन से बचाव दल कन्नौज स्टेशन भेजा है. हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य में काम आने वाली मशीनें और उपकरण भेजे गए हैं. उन्होंने कहा कि मौके पर श्वान दस्ते को भी बुलाया गया है. इस हादसे में अब तक किसी भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है.कानपुर मंडल आयुक्त विजेंद्र पांडियन भी कन्नौज पहुंचे और उन्होंने रेलवे स्टेशन पर हुई इस दुर्घटना का जायजा लिया. आयुक्त ने बताया कि अब तक 28 लोग निकाले जा चुके हैं जिनमें छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं, लेकिन वे लोग खतरे से बाहर हैं. उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है. कानपुर मंडल आयुक्त ने कहा,मैं स्वयं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के संपर्क में हूं. कोई भी घायल खतरे में नहीं है और किसी को गंभीर चोट नहीं पहुंची है.उन्होंने कहा, ष्मलबा हटाने का कार्य अभी जारी है. पूरा मलबा हटाया जा रहा है ताकि कोई भी मजदूर दबा न रहे.ष उन्होंने कहा कि शटरिंग में लाप. रवाही के कारण यह हादसा हुआ है. जांच समिति का गठन किया गया है. जांच के बाद ही सारी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. घटनास्थल पर मौजूद लोगों में से एक महेश कुमार ने बताया कि वह बाल–बाल बच गए. महेश ने कहा, ष्जैसे ही शटरिंग पर कंक्रीट डाली गई, वह अचानक गिर गई. उस पर बैठे सभी लोग गिर गए. मैं किनारे पर खड़ा था और किसी तरह बच निकला. घायलों को नजदीकी जिला अस्पताल और कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया है. राहत और बचाव कार्य जारी हैं.सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देशइस घटना का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और उनका उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. राज्य सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण भी घटनास्थल पर पहुंचे. राज्य सरकार के अधिकारियों ने बताया कि राहत कार्य में हर संभव मदद के लिए राज्य राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी कन्नौज जिला प्रशासन के संपर्क में हैं. पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) पंकज कुमार सिंह ने हादसे के बाद जारी एक बयान में कहा कि, कन्नौज रेलवे स्टेशन पर हुई घटना की जांच हेतु तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है. जांच टीम में मुख्य अभियंताध्योजना एवं डिजाइन, अपर मंडल रेल प्रबंधकध्इज्जतनगर एवं मुख्य सुरक्षा आयुक्तध्रेलवे सुरक्षा बल शामिल होंगे. सीपीआरओ ने बताया कि इस घटना में घायल मजदूरों का समुचित इलाज चिकित्सालय में किया जा रहा है. घटना में मामूली रूप से घायलों को पचास हजार रुपये तथा गंभीर रूप से घायलों को दो लाख पचास हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी.सपा प्रमुख ने हादसे पर जताया दुख इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव ने रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन इमारत का लिंटर गिरने से हुए हादसे पर गहरा दुख जताया है. अखिलेश यादव ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए सरकार से समुचित इलाज की व्यवस्था एवं राहत कार्य करने की मांग की है. सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि ष्निर्माण कार्य के दौरान जो सुरक्षा एहतियात रखने की जरुरत थी उसमें लापरवाही बरती गई. ये घटना सरकार की लापरवाही की वजह से हुई है. मजदूर स्वस्थ रहें, इनका अच्छा इलाज हो, उनकी जान बचे, यही हमारी मांग है.

## कन्नौज हादसे का . CCTV आया सामने, . चंद सेकंड के अंदर .भरभराकर गिरी बिल्डिंग

उत्तर प्रदेश के कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत अचनाकर भर–भराकर गिर गई. शनिवार को हुए इस हादसे का एक खौफनाक वीडियो सामने आया है, जिसे देख आपकी भी रूह कांप जाएगी. वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि, कैसे कुछ में सेकंडों के भीतरनिर्माणाधीन बिल्डिंग का हिस्सा ढह गया. इस हादसे के बाद 28 मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला जा चुका है. वहीं इस पर विपक्ष की तरफ से सरकार पर लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन बिल्डिंग में हुए हादसे के वक्त 40 से अधिक मजदूर वहां काम पर लगे हुए थे. घटना के अब 28 मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला जा चुका है. राहत–बचाव कार्य जारी है.साथ ही प्रशासनिक अधिकारी मौके स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं. कन्नौज हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लिया है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों रेस्क्यू व हर संभव मदद का निर्देश दिया.कन्नौज रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की जांच के लिए उत्तर पूर्व रेलवे (छम्) ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है. उत्तर पूर्व रेलवे के मुख्य जन. संपर्क अधिकारी ने बताया कि, घटना की जांच के आदेश दे दिए गए है. साथ ही घायलों के उचित उपचार की व्यवस्था की गई है. वहीं इस हादसे में मामूली घायलों को 50 हजार व गंभीर रूप से घायल मजदूरों को 2 लाख 50 हजार मुआवजे का ऐलान रेलवे की तरफ से किया गया है. वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हादसे के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए लापरवाही का आरोप लगाया है.कन्नौज डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि, छत की शटरिंग गिरने की वजह से हादसा हुआ है. रेलवे की रेस्क्यू के लिए उपकरण भेज गए हैं. डीएम ने बताया कि, हादसे में घायल 9 लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है.

## मोहब्बत की नगरी में पति-पत्नी के बीच सरसों के तेल को लेकर झगड़ा

आगरा में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसमें पति पत्नी के बीच विवाद की वजह सरसों का तेल बना है. सरसों के तेल को लेकर पति पत्नी में झगड़ा इस कदर हुआ कि नौबत तलाक तक पहुंच गई. विवाद के चलते पत्नी मायके में रह रही है, पति पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मामला पुलिस तक पहुंच गया.वहीं पत्नी ने पुलिस से पति की शिकायत कर दी, पत्नी की शिकायत सुनने के बाद पुलिस चौंक गई. शिकायत के बाद मामला परिवार परामर्श केंद्र में ट्रांसफर किया गया, जहां दोनों की काउंसलिंग की गई. आगरा के रहने वाले युवक–युवती की शादी साल 2020 में हुई थी. शादी के कुछ सालों तक सब कुछ ठीक चला पर फिर कुछ ऐसा हुआ कि दोनों के बीच विवाद बढ़ता चला गया. पति पत्नी के बीच ऐसी घटना घटी की दोनों में झगडे होने लगे. परिवार परामर्श केंद्र में पहुंचे मामले में पत्नी ने शिकायत की है कि पति खर्चे के लिए पैसा नहीं देता है, काफी बार मांगने पर भी खर्चे के लिए पैसे नहीं दिए, जिससे परेशानी होने लगी थी.पत्नी अपने पति से खर्चे के लिए पैसे मांगती थी पर पति अक्सर उसकी बातों को टाल देता था. पत्नी को अपने खर्चे के लिए पैसों की जरूर पड़ती थी लेकिन उसके पास पैसे होते नहीं थे. पत्नी पर आरोप लगा कि पत्नी घर में रखे खेत की सरसों का तेल अपने मायके में जाकर बेच आती थी, तेल बेचने की भनक पति को लग गई और इसी बात पर दोनों में झगड़ा होने हुआ. सरसों के तेल की वजह से झगड़ा बढ़ता गया और गुस्साई पत्नी अपने मायके चली गई. मायके आने के बाद पत्नी ने पुलिस से की पति की शिकायतपत्नी पिछले दो महीनों से अपने मायके में रह रही है. मायके आने के बाद पत्नी ने पुलिस से पति की शिकायत कर दी. पति पत्नी के बीच के झगड़े का मामला परिवार परामर्श केंद्र में ट्रांसफर किया गया और परमार्श केंद्र में दोनों की काउंसलिंग शुरू की गई.पत्नी मायके ले जाकर बेच देती हैं सरसों का तेल–पतिपरिवार परामर्श केंद्र के कॉउंसलर डॉ सतीश खिरवार ने बताया कि एक बहुत अजीब केस आया था, लड़का और लड़की की 2020 में शादी हुई थी. काउंसलिंग के दौरान लड़की ने बताया कि पति खर्चे के लिए पैसे नहीं देते हैं. लड़के ने कहा कि मैं गांव का रहने वाला हूं, हमारे खेत में सरसों होती है. उससे जो 2–3 लीटर तेल लाता हूं उसे मेरी पत्नी मायके ले जाकर उसे बेच देती है. काउंसलिंग के दौरान पति–पत्नी में हुआ समझौता वहीं लड़की का कहना है कि पति मुझे खर्चे के लिए पैसे नहीं देते है, इसलिए एक बार 2 लीटर तेल लेकर गई थी. उसी बात पर मुझसे कहते है कि में तेल बेच रही हूं, जबकि मेरे पास खर्चे के लिए पैसा नहीं है. दोनों को काउंसलिंग के दौरान समझाया गया है और दोनों में समझौता हो गया है, अब पति–पत्नी दोनों समझौते के बाद घर चले गए हैं.

# कासगंज में श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

## गौरतलब है कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई

कासगंज में श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार की शाम को सूत की मंडी से निकली शोभायात्रा में श्री राम की आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। बैंड–बाजों की धुन पर निकली इस शोभायात्रा में झांकियों को फूलों और रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया गया था।शोभायात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम की आरती उतारी और भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में कई कलाक. ारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई।. गौरतलब है कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई थी। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस ऐतिहासिक दिवस की प्रथम वर्षगांठ 11 जनवरी, 2025 को मनाई जाएगी। इस अवसर पर देशभर



के मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना और भजन–कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रत्येक रामभक्त के लिए गौरव और आनंद का विशेष अवसर है।

## कासगंज की कोतवाली सहावर क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई

कासगंज की कोतवाली सहावर क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। थाना अमापुर क्षेत्र के नगला भूड़ गांव निवासी नीरज नाम का युवक अपनी बाइक से कासगंज से अपने गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान कासगंज–चाड़ी मार्ग पर भनूपुरा गांव के पास एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और नीरज की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।पुलिस फरार कैंटर चालक की तलाश में जुटी है और मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे, जिनका रो–रोकर बुरा हाल है। यह दुर्घटना लापरवाह और तेज रफ्तार वाहन चालकों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी का एक और उदाहरण है।

## कासगंज में एक अजीब घटना ने पुलिस . महकमे को रातभर परेशान कर दिया

कासगंज में एक अजीब घटना ने पुलिस महकमे को रातभर परेशान कर दिया। बदायूं के बिल्सी के दो आलू व्यापारी वकील और शाहिद, जो अपने ड्राइवर इसरार के साथ राजस्थान के भरतपुर से लौट रहे थे, के कथित अपहरण की सूचना ने पूरे जिले की पुलिस को सड़कों पर उतार दिया।घटना की जानकारी मिलते ही कासगंज पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। सूचना के अनुसार, बांकनेर गांव के पास स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने कथित तौर पर व्यापारियों का अपहरण कर लिया था। व्यापारियों के पास करीब एक करोड़ रुपए की नगदी होने की जानकारी ने मामले को और गंभीर बना दिया।पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीमों को तैनात किया और कासगंज, एटा, हाथरस और अलीगढ़ के मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और आसपास के जिलों की पुलिस को भी अलर्ट किया गया।जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। दरअसल, यह अपहरण नहीं था, बल्कि दिल्ली पुलिस ने किसी मामले में इन व्यापारियों को हिरासत में लिया था। यह खुलासा होने के बाद कासगंज पुलिस की परेशानी तो खत्म हुई, लेकिन रातभर की दौड़–धूप ने पुलिस महकमे को थका कर रख दिया।

## राजस्थान के अलवर जिले से रामलला के दर्शन के लिए एक युवक की अनूठी श्रद्धा देखने को मिल रही है।

राजस्थान के अलवर जिले से रामलला के दर्शन के लिए एक युवक की अनूठी श्रद्धा देखने को मिल रही है। हरिमोहन सिंह नाम का यह युवक 2 जनवरी से पैदल यात्रा कर अयोध्या की ओर बढ़ रहा है। शनिवार की देर शाम एटा पहुं. चने पर स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।हरिमोहन सिंह, जो ग्राम कुतीना, तहसील नीमराना, अलवर के रहने वाले हैं, भगवा ध्वज और गले में भगवा वस्त्र धारण किए अकेले ही इस यात्रा पर निकले हैं। उनकी यह यात्रा श्रद्धा और समर्पण का अनूठा उदाहरण बन गई है। रास्ते में वह विभिन्न मंदिरों, आश्रमों और पुलिस स्टेशनों में रुकते हुए अपनी यात्रा कर रहे हैं।एटा में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने न केवल पुष्प मालाओं से उनका स्वागत किया, बल्कि भोजन की व्यवस्था भी की।एटा में पहुं. चने पर स्थानीय लोगों ने न केवल पुष्प मालाओं से उनका स्वागत किया, बल्कि भोजन की व्यवस्था भी की। हरिमोहन ने एटा के लोगों और पुलिस का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कई लोगों ने उनकी मदद की है। एक रात के विश्राम के बाद वह सुबह जल्द ही अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे।श्री राम में अटूट आस्था रखने वाले हरिमोहन का कहना है कि वह जानबूझकर पैदल यात्रा कर रहे हैं, क्योंकि यह उनकी श्रद्धा का प्रतीक है। एटा पहुंचने से पहले वह लगभग सात स्थानों पर रुक चुके हैं, जहां उन्हें स्थानीय लोगों और प्रशासन का सहयोग मिला।

## ऑटो–ई–रिक्शा की टक्कर में पांच घायल, एक रेफर

एटा। थाना कोतवाली देहात के गांव खेरिया जिरसमी से मारहरा के नासिरपुर गमी में शामिल होने जा रहे ई–रिक्शा सवार लोगों में पीछे से ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में 5 लोग घायल हो गए। इनमें से एक को कासगंज रेफर किया है।गांव खेरिया जिरसमी निवासी घायल बबलू ने बताया कि वह एक रिश्तेदारी में गांव नासिरपुर गमी में शामिल होने जा रहे थे। हमारे साथ गांव की ही राधा, देवेंद्र, प्रेमपाल और कुलदीप भी ई–रिक्शा में बैठे हुए थे। रास्ते में नयाबांस गांव के पास पीछे से एक ऑटो ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दी।जिसके चलते रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें बैठे हुए हम सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मारहरा पहुंचाया। यहां से हालत गंभीर देखते हुए प्रेमपाल को कासगंज रेफर कर दिया गया। हम लोग मेडिकल कॉलेज में आए हैं, यहां उपचार चल रहा है।

## कोहरे में धीमी गति एवं रिफ्लेक्टर टेप, सुरक्षित यात्रा की गारंटी

पुलिस अधीक्षक कासगंज सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं श्री राजेश कुमार भारती अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज के पर्यवेक्षण तथा सुश्री आँचल चौहान क्षेत्राधिकारी नगरध्‍ यातायात के नेतृत्व में 31 दिवसीय विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 11.01.2025 को श्री लक्ष्मण सिंह, प्रभारी यातायात जनपद कासगंज द्वारा मय टीम शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं भीड़भाड वाले स्थानों पर तेज गति से तथा रॉन्ग साईड पर वाहन न चलाने की अपील करते हुए आमजन को जागरूक किया गया। साथ ही अनाज मंडी कासगंज पर ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाई गईं ताकि सर्दियों में घने कोहरे से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके एवं किसानों व वाहन चालकों को समझाया गया कि सभी अपने ट्रैक्टर



ट्रालियोंध्वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाएं, धीमी गति एवं वाहन की लाईटें जलाकर चलें। इसके साथ ही दोपहिया वाहन पर तीन सवारीध्‍ बिना हेलमेटध्‍ बिना सीट बेल्टध्‍ रॉन्ग साइड ड्राइवमोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 01 वाहन सीज एवं 140 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं।

## थाना गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा दो .अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पटियाली राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1– राशिद पुत्र बन्ने मियां निवासी 06 न0 चुंगी मौहल्ला खेरु कस्बा व थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज 2– सोहिल पुत्र शकील निवासी ग्राम गनेशपुर थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण के कब्जे से 919 ग्राम अवैध नशीला पाउडर डायजापाम बरामद हुआ है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना गंजडुंडवारा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम (एसपीईएल) 2.0 के क्रम में जनपद में चयनित थानों पर स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को दी गई पुलिस कार्यों की जानकारी

स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम (एसपीईएल) भारत सरकार की वर्ष 2023 में शुरू की गई एक अभूतपूर्व पहल है, जिसके तहत स्नातक स्तर के छात्रों को पुलिस से जुड़े कार्यों के बारे में जानकारी दी जाती है और उन्हें कानून पायलट के रूप में तैयार किया जाता है. इस प्रोग्राम के जरिए छात्रों को पुलिस आचार संहिता, पुलिस स्टेशन के कामकाज, नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव, और महिलाओं और बच्चों के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में जानकारी दी जाती है इसी क्रम में आज दिनांक 11.01.2025 को पुलिस अधीक्षक कासगंज सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंजध्नोडल अधिकारी˝चम्स श्री राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के थाना सोरों, गंजडुंडवारा व



महिला थाना पुलिस द्वारा˝चम्स प्रोग्राम 2.0 के तहत चयनित छात्र छात्राओं को बीट, चौकीध्हल्का, थाना, सर्किल, शहरीध्ग्रामीण क्षेत्र, जिला, रेंज, जोन और प्रदेश की व्यवस्था, पदाधिकारी और उनके कर्तव्य, पुलिस यूनिफार्म, जिला स्थित विविध पुलिस प्रतिष्ठान, राज्य स्तरीय विविध पुलिस प्रतिष्ठानों के संबंध में जानकारी दी गई, एवं बताया गया कि इस तीस दिवसीय अनुभवात्मक सिखलाई से आप लोगों में संज्ञानात्मक कौशल व लोक कौशल में सुधार होगा और साथ ही आप सभी साथ कानून और आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियंत्रण, साइबर क्राइम, मानव तस्करी, कानून व्यवस्था, इत्यादि जैसे विषयों पर प्रशिक्षण इन्टर्न के रूप में प्राप्त कर सकेंगे।

## 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को लेकर मुख्य विकास अधिकारी श्री सचिन एवं अपर जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम प्रधानों एवं समस्त ग्राम पंचायत सचिव के साथ प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

कासगंज प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद में चलाए जा रहे हैं 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त अभियान को लेकर मुख्य विकास अधिकारी श्री सचिन एवं अपर जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार पटेल उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम प्रधानों एवं समस्त ग्राम पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न। जनपद में चल रहे 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत जनपद में टीबी से ग्रसित मरीज की पहचान करने, उनके इलाज एवं जन जागरूकता सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।जिला क्षय रोग अधिकारी कासगंज द्वारा प्रधानों को अपने–अपने घरों, परिवारों तथा अपने आसपास क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने को कहा गया तथा कहा कि जो लोग 60 साल से ऊपर हैं वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 की रिपोर्ट के आधार पर जनपद के 16 गांव टीवी मुक्त हो चुके हैं और वर्ष 2024 की रिपोर्ट के आधार पर 67 गांव टीबी मुक्त होने जा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निक्षय मित्रों की संख्या बढाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि आप लोग भी निक्षय मित्र बन सकते हैं। जनपद में निक्षय मित्र बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें निजी चिकित्सालय की भी भूमिका मुख्य है। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान को टीबी के पांच मैरीज गोद लेने के लिए आवाहन किया। अपने घर या आसपास के टीबी मरीज को गोद लेकर 6 माह तक पोषण किट उपलब्ध कराएं तथा टीबी मरीजों को नियमित दवाई खाने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हम सब लोग मिलकर इस अभियान को सफल बनाने की दिशा में कार्य करें जिससे जनपद को टीबी मुक्त बनाया जा सके। इसके लिए जन भागीदारी बहुत जरूरी है। सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता निक्षय पोषण योजना।क्षय रोग से लड़ने में पौष्टिक एवं प्रोटीन युक्त पोषण के लिए सरकार मरीज को उसके उपचार अवधि तक धनराशि रु. 1000ध्– की दर से प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से सीधे मरीज के बैंक खाते में देती है। पहली किस्त उपचार प्रारंभ होने पर धनराशि रु. 3000ध्–व दूसरी किस्त 84 दिन के बाद मरीज के उपचार अवधि तक दिया जाता है। बैंक खाते की जानकारी टीबी कर्मचारी या आशा को दें !यदि बैंक खाता नहीं है तो प्रधान मंत्री जन धन योजना, या इंडियन पोस्टल बैंक में जीरो बैलन्स खाता खुलवा सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य का खाता नंबर दे सकते हैं।किसी भी जानकारी हेतु टीबी हेल्पलाइन नंबर 1800–11–6666 या ूदर्पोींल.पद पर संपर्क करें !टीबी की जांच आप सरकारी अस्पताल या आयुष्मान आरोग्य केन्द्र में करा सकते हैं। चिकित्सक को अपने लक्षण के बारे में बताएं। यदि आपको बलगम आता है तो बलगम की जांच अवश्य करायें। यदि आपको सूखी खांसी है तो एक्स–रे जांच भी चिकित्सक द्वारा कराई जाएगी। हर बड़े अस्पताल जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल, टीबी अस्पताल में सभी जांच और उपचार निशुल्क किये जाएंगे। टीबी की जांच जल्दी न कराने से आपके स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है। इससे बचने के लिए जल्दी जांच करायें और जल्द इलाज शुरू करायें।इलाज का पूरा कोर्स अवश्य करें और आप टीबी मुक्त हो सकते हैं।

पीड़ित ध्यान दें
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण
और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही
है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई
जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो
रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे
विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी
दें या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर
राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र
भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने
आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा
जायेगा।
मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com

# पति को 10 साल की कारावास, बाइक और फ्रिज के लिए गर्भवती पत्नी की कर दी थी हत्या

अलीगढ़ के थाना बन्नादेवी क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में अदालत ने मृतका के पति सत्यवीर को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई है। एडीजे फास्ट ट्रैक प्रथम अंजू राजपूत की अदालत ने 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।थाना बन्नादेवी क्षेत्र निवासी संतोष देवी ने आरोप लगाया था कि 16 अप्रैल 2004 को बेटी बबली की शादी चूहरपुर निवासी सत्यवीर से की थी। दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। वे बाइक व फ्रिज की मांग करने लगे। इसको लेकर बबली को पीटते थे। 15 मई 2008 को संतोष का बेटा अमित बबली से मिलने के लिए गया तो उसे घर के अंदर जाने से रोका गया।शक होने पर अमित अंदर गया तो बबली कमरे में बेहोश पड़ी थी। मुंह से खून निकल रहा था। शरीर पर गंभीर चोट लगी थी। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जेएन मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। वह गर्भवती थी। बच्चे की भी पेट में ही मौत हो गई। एडीजीसी कुलदीप सिंह तोमर ने बताया कि अदालत ने सत्र परीक्षण व साक्ष्यों के आधार पर सत्यवीर को सजा सुनाई है।

## सोशल मीडिया पर पुलिस अधिकारियों की डीपी लगाने वाले आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधिकारियों के नाम से इंस्पेक्टरों को फोन करके धमकाने और उनसे कार.वाई करने का दबाव बनाने वाले दो आरोपियों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी सोशल मीडिया पर पुलिस अधिकारियों की डीपी लगाते थे और फिर थानेदारों को वॉट्सएप पर कॉल करते थेआरोपी थानेदारों को कॉल करके उनसे थाने में अलग–अलग काम करने का दबाव बनाते थे। इसके साथ ही आमजनों को भी फोन करे धमकाते थे। आरोपियों की लगातार शिकायतें पुलिस को मिल रही थी। जिसके बाद अलीगढ़ की साइबर थाना पुलिस इनके पीछे लगी हुई थी और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।अलीगढ़ के इंस्पेक्टर ने दर्ज कराई थी थ्त्सोशल मीडिया पर पुलिस अधिकारियों की डीपी इस्तेमाल करके इंस्पेक्टरों को परेशान करने वाले आरोपियों के खिलाफ अलीगढ़ के इंस्पे.क्टर सर्वेश कुमार ने 14 दिसंबर 2024 को मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद साइबर थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी।आरोपी वारदातो को अंजाम देने के लिए चोरी के मोबाइल और सिम का इस्तेमाल करते थे। इसलिए पुलिस को इन्हे गिरफ्तार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसमें सोनू पुत्र आदिराम उर्फ यादराम शाक्य निवासी नवाटेढ़ा थाना बरनहाल जिला मैनपुरी और सिमरान पुत्र निसार निवासी कांशीराम कालोनी गोलबाजार मै.नपुरी को गिरफ्तार किया गया है।लोगों को झूठे मुकदमें का दिखाते थे डरसा.इबर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी पहले ट्रेनों से मोबाइल चोरी करते थे। इसके बाद इससे सोशल मीडिया बनाकर लोगों को फोन करके उन्हें झूठे मुकदमें में फंसाने का डर दिखाते थे। जिससे लोग डर जाते थे। फिर आरोपी उनके साथ साइबर ठगी करते थे।आमजनों के अलाव आरोपी पुलिस अधिकारियों को भी फोन करते थे। उच्च अधिकारी बनकर आरोपी बात करते थे और थाना प्रभारियों से मनचाहे काम करने का दबाव बनाते थे। दोनों आरोपियों को संसारपुर गढ़िया रोड, मै.नपुरी से ही गिरफ्तार किया गया है।कई जिलों में गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर में हैं वांछितदोनों आरोपी पेशेवर अपराधी हैं। इनके खिलाफ आगरा, मैनपुरी, फिरा.जाबाद, बरेली अलीगढ़, इटावा में एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी सोनू के खिलाफ जीआरपी थाना इटावा में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। वहीं आरोपी सिमरान के खिलाफ पॉस्को एक्ट, हिस्ट्रीशीट समेत कई मामले दर्ज हैं।

## अलीगढ़ में 15 हजार ने मांगे थे, चार साल में जारी हुए सिर्फ सात, सिफारिशें भी नहीं आ रहीं काम

अलीगढ़ जनपद के पंद्रह हजार लोगों ने पिछले चार सालों के भीतर शस्त्र लाइसेंस मांगे। किसी के अपनी जान को खतरा बताया तो किसी ने तर्क दिया कि उनकी रंजिश चल रही है। जबकि कुछ ने घर गांव में आबादी से दूर होने बताया था। जाहिर सी बात है कि इन आवेदनों की जांच भी हुई होगी। थाने और तहसील ने रिपोर्ट लगाई होगी। क्योंकि लाइसेंस जारी होने से पहले हर आवेदन को इस प्रक्रिया से गुजरना होता है। लेकिन लाइसेंस आवेदनों की भारी भरकम भीड़ के बीच से केवल सात आवेदन ही जरूरी माने गए और इन्हें लाइसेंस जारी किए गए।आंकड़ों के मुता.बिक अलीगढ़ जिले में 37000 शस्त्र ला.इसेंस धारक हैं। इनमें करीब 23 हजार लाइसेंस शहर में और 14 हजार ग्रामीण में हैं। इनमें 98 फीसदी लाइसेंस 10 साल या उससे पहले की अवधि के बने हुए हैं। नए लाइसेंसों की संख्या तो बहुत ही कम है। अब लाइसेंस प्रक्रिया को बेहद जटिल कर दिया गया है। पहले आमतौर पर लाइसेंस जारी हो ही जाते थे। लेकिन अब पात्रता और जरूरत की जांच होने के बाद ही मिलता है। यही वजह है कि हजारों आवेदन जांच के पहले ही पायदान पर धड़ाम हो जा रहे हैं। 15000 ने आवेदन किया लेकिन लाइसेंस केवस सात को ही मिल सके।फाइल में तहसील स्तर से रिपोर्ट लगी है। इससे आगे फाइल सरक ही नहीं रही। पुलिस सत्यापन हो गया है। मेरे कागज सभी पूरे हैं। यह भी नहीं बताया जा रहा है कि फाइल में कमी क्या है।– शरद बंसल, थाना बन्ना देवीशस्त्र लाइसेंस पर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं है। पात्रता और आवश्यकता की परख करते हुए सभी पहलुओं पर विचार करते हुए लाइसेंस की प्रक्रियापूरी की जाती है।– विशाख जी, जिलाधिकारीजनप्रतिनिधियों की सिफारिश भी नहीं आ रही कामअलीगढ़ के सांसद और विधायकों द्वारा सबसे ज्यादा सिफारिशी पत्र लाइसेंस को लेकर ही लिखे जा रहे हैं। लेकिन इस बार यह पत्र भी काम नहीं आ रहे हैं। क्योंकि अदालत के सख्त रुख के बाद प्रशास.निक अमला सतर्क हो गया है और पूरी पड़ताल के बाद ही रिपोर्ट बनाई जा रही है। यही वजह है कि अधिकांश आवेदन निरस्त हो जा रहे हैं।यह है वजहएडवो.केट दिनेश कुमार कहते हैं कि करीब नौ साल पहले हाईकोर्ट ने बड़ीसंख्या में शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाने पर प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए और इस मामले में बेहद सतर्कता से काम लेने के लिए कहा। इसके बाद अधिकारियों ने इस मामले से अपने हाथ खींचने शुरू कर दिए।

## अलीगढ़ में किसानों के सामने खड़ा हुआ आर्थिक संकट, मुसबीत बनी बारिश, आलू के खेतों में भरा पानी

अलीगढ़ में सर्दी ने इस बार कई रिकार्ड तोड़ दिए है, जहां एक ओर कड़कती ठंड अपने चरम पर है. वहीं तेज बारिश ने पूरे इलाके का मौसम ही बदल कर रख दिया है. कई दिनों तक बादल छाए रहने और तापमान में गिरावट के बाद, इस बार हुई तेज बारिश ने जनजीवन पर गहरा असर डाला है. बारिश के कारण न केवल लोगों की दिनचर्या बाधित हुई है, बल्कि किसानों की मेहनत पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है. खासकर आलू की फसल पर इस बारिश का भारी असर पड़ा है. अलीगढ़ और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आलू की खेती प्रमुख रूप से की जाती है. लेकिन इस बार, बेमौसम बारिश ने आलू की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है. किसान इस बात से बेहद चिंतित हैं कि उनकी महीनों की मेहनत बेकार ना चली जाए. कई घंटे हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं. किसानों ने बताया कि इस साल उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है इसका असर उनकी आ.र्थक स्थिति पर पड़ सकता है.लोगों को सतर्क रहने की दी सलाहबारिश के कारण आम जनजीवन भी अस्त–व्यस्त हो गया है. सुबह से ही कड़कती ठंड के कारण अलीगढ़ की सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ है. देर शाम से शुरू हुई बा.रिश के कारण लोग अपने घरों में दुब.कने को मजबूर हैं. ठंडी हवाओं के साथ बारिश ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है. मुख्य बाजार और सड़कों पर आमतौर पर जो रौनक देखने को मिलती थी, वह गायब हो गई है.बारिश और ठंड के कारण कई शिक्षण संस्थानों में उप.स्थिति बहुत कम हो गई है. कामकाजी को लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 48 घंटे अलीगढ़ और उसके आसपास के इलाकों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं. बारिश और गिरते तापमान के चलते लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. किसानों सामने खड़ा हुआ आर्थिक संकटकृषि विशेषज्ञों का मानना है कि, अगर बारिश का यही हाल रहा तो अन्य फसलें भी बर्बादी की कगार पर पहुंच सकती हैं. अन्य फसल पर भी इसका बुरा असर पड़ने की आशंका है. बेमौसम बारिश और बदलते मौसम चक्रों ने किसानों के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं.भारतीय किसान यूनियन टिकेट गुट के नेता मोहम्मद अफसर ने बताया कि, अलीगढ़ में हुई बारिश ने किसानों की आलू की फसल को तबाह कर दिया है. किसान परेशान है कड़ी मेहनत के बाद आलू की फसल को बोया था लेकिन लगातार कई घंटे तो कोई बारिश ने किसानों के सपनों को चकनाचूर कर दिया. किसानों की फसल का आकलन करने के बाद उन्हें मुआवजा मिलना चाहिए.

## अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय करणी सेना द्वारा अटल चौक, सेंटर पॉइंट पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया

अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय करणी सेना द्वारा अटल चौक, सेंटर पॉइंट पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में संपूर्ण सेंटर पॉइंट को भगवा झंडों से पाट दिया गया एवं प्रभु श्री राम की भव्य तस्वीर लगाकर आरती व आतिशबाजी की गई प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2024 के पौष शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी आज 2025 में पौष शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को अखिल भारतीय करणी सेना द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर दीपावली मनाई गई जिसमें प्रभु श्री राम की भव्य तस्वीर पर आरती कर प्रसाद वितरण किया गया व आतिशबाजी जलाकर खुशी मनाई गई साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सभी राम भक्तों ने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की है कि शीघ्र अति शीघ्र भारत को हिंदू राष्ट्र का दर्जा मिले भारत सरकार द्वारा भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। कार्यक्रम में दीपक गर्ग फास्ट फूड जी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महिला शक्ति ममता सिंह, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शक्ति वीरू भदोरिया, जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ, जिला अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव, महानगर अध्यक्ष भास्कर अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति आलेख सैनी, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र मोहन शर्मा, कृष्णा गुप्ता, पूनम सिंह, पूजा सेंगर बिना चौहान, राधा रानी, भारती गौतम, सुगंधी वार्ष्णेय, गरिमा राघव, जगमोहन मालवीय, उमेश कुमार सिंह,नीरज सिसोदिया, संदीप राघव, गिरीश सिंह, नेम सिंह सोलंकी, दलबीर सिंह, वी पी सिंह, संजीव सक्सेना, मनु ठाकुर, विवेक ठाकुर, राकेश ठाकुर, विशाल चंद्र, के एम जौहरी, नृपेन्द्र वार्ष्णेय सहित बड़ी संख्या में सनातनी भाई बहन उपस्थित रहे।

## बारिश से बदला मौसम का मिजाज, बढ़ी ठंड, देहरादून से ठंडा रहा अलीगढ़

अलीगढ़ में 11 जनवरी की रात को हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली शीतलहर ने ठंड और बढ़ा दी है। अलीगढ़ देहरादून से भी ठंडा रहा।11 जनवरी को सुबह 10 बजे तक कोहरा रहा। सुबह 11 बजे हल्की धूप निकल आई, लेकिन सर्द हवाएं लगातार चल रही थीं। शाम 6रू10 बजे बूंदाबांदी के साथ बारिश शुरू हो गई, जो करीब 25 मिनट तक रही। उसके बाद रात में भी बारिश हुई। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। बारिश होने के बाद हवाएं और सर्द हो गईं। बारिश और सर्द हवाएं चलने से जिले में ठंड बढ़ गई। अलीगढ़ का अधिकतम तापमान 18.4 और न्यूनतम 6.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि देहरादून का अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम 7.2 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान देहरादून से कम होने से अलीगढ़ वहां से भी ठंडा रहा। इस संबंध में एएमयू के भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो.अतीक अहमद ने कहा कि अभी इसी तरह कोहरा, धूप और बारिश होती रहेगी। 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। आने वाले दिनों में दोपहर में धूप निकलेगी तो रात में घना कोहरा होगा। आज 12 जनवरी को सुबह कोहरा नहीं था। प्रातरू 10 बजे धूप नजर आने लगी।लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाया बारिश शुरू होने के दौरान नगर निगम की प्रवर्तन दल की सक्रिय हो गई। सड़क किनारे फुटपाथ पर सो रहे या बैठे निराश्रित मजदूरों को वाहनों से रैन बसेरों में पहुंचाया गया। प्रवर्तन दल प्रभारी एपी सिंह ने बताया कि गांधी पार्क, जमालपुर, रसलगंज, कठपुला, शमशाद मार्केट, नौरंगाबाद आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर दर्जन भर से अधिक लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाया गया।

## पटरी पर दौड़ रही वंदे भारत का खराब हुआ इंजन, दो घंटे खड़ी रहीं शताब्दी–नीलांचल समेत 6 ट्रेनें

अयोध्या जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस का रविवार को आइटीआइ के पास इंजन खराब हो गया। इस कारण करीब डेढ़ घंटे तक कानपुर की ओर जाने वाली रेलवे लाइन का यातायात बाधित रहा। इस दौरान शताब्दी समेत छह ट्रेनें प्रभावित रहीं। दो घंटे बाद वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया गया।आपको बता दें आनंद विहार टार्मिनल से चलकर अयोध्या जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस का अलीगढ़ स्टेशन पर पहुंचने का समय सुबह 7:30 निर्धारित है। हालांकि रविवार को ट्रेन 20 मिनट देरी से चल रही थी लेकिन अलीगढ़ आते समय सुबह 7.45 बजे के करीब आइटीआइ के पास वंदे भारत एक्सप्रेस का इंजन खराब हो गया। पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेनपायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। जानकारी मिलने पर अलीगढ़ से कैरिज एंड वैगन विभाग से तकनीकी टीम को भेजा गया। तकनीकी टीम को इंजन सही करने में करीब डेढ़ घंटे का समय लग गया। इस दौरान कानपुर की ओर जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को महरावल से आगे रोक दिया गया।नीलांचल एक्सप्रेस, मुरी एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस आदि को रोक दिया गया। इंजन की आंशिक रूप से तकनीकी कमी सही करने के बाद ट्रेन को अलीगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर लाया गया। यहां तकनीकी टीम के प्रभारी आरबी सिंह, तकनीशियन अनिल कुमार आदि जुट गए।इंजन के रिवर्सल में आई कमी को पूरी तरह से सही किया गया। इस दौरान दो घंटे तक ट्रेन स्टेशन पर ही खड़ी रही। करीब 10 बजे ट्रेन को कानपुर की ओर रवाना किया गया। इस दौरान सीएमआई संजय शुक्ला, एसएस मुकेश उपाध्या, डिप्टी एसएस राजाबाबू, जीआरपी, आरपीएफ के जवान समेत कई लोग मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती ,स्वामी विवेकानंद के जीवन में हाथरस से गहरा नाता रहा

आज स्वामी विवेकानंद की जयंती है। स्वामी विवेकानंद के जीवन में हाथरस से गहरा नाता रहा है। है। वर्ष 1888 में हा. थरस सिटी रेलवे स्टेशन पर उन्हें अपना पहला शिष्य मिला, जो स्टेशन के तत्क. ालीन स्टेशन मास्टर शरतचंद्र गुप्ता थे। स्वामी जी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर शरतचंद्र ने उनका शिष्यत्व स्वीकार करने की इच्छा जताई।स्वामी विवेकानंद ने शरतचंद्र को शिष्य बनाने से पहले एक कठिन परीक्षा ली। उन्हें स्टेशन पर कुलियों से भिक्षा मांगनी पड़ी। इस परीक्षा में सफल होने पर स्वामी जी ने उन्हें अपना शिष्य स्वीकार कर लिया और उनका नाम बदलकर स्वामी सदानंद रख दिया। शरतचंद्र ने अपनी नौकरी त्याग दी और स्वामी विवेकानंद के साथ चल पड़े।स्वामी सदानंद ने स्वामी विवेकानंद के साथ कई यात्राएं कीं और रामकृष्ण मिशन के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह प्रसंग श्रीरामकृष्ण परमहंस मठ की पुस्तकों में दर्ज है और श्द लाइफ ऑफ स्वामी विवेकानंदश में भी इसका उल्लेख मिलता है।1998 में बनी स्वामी विवेकानंद की बायोपिक में भी यह घटना दिखाई गई, जिसमें अनुपम खेर ने स्टेशन मास्टर का किरदार निभाया। दुर्भाग्यवश, इतने महत्वपूर्ण ऐतिहासिक कनेक्शन के बावजूद हाथरस सिटी रेलवे स्टेशन पर स्वामी विवेकानंद की स्मृति को संरक्षित नहीं किया गया है। न तो कोई शिलालेख है और न ही उनकी प्रतिमा, जो इस महत्वपूर्ण घटना की याद दिला सके।

## हाथरस में हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव नया बांस में बाइक से गिरने पर महिला की मौत हो गई

हाथरस में हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव नया बांस में बाइक सवार एक महिला बाइक से गिर गई और पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। परिवार के लोग उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए, वहां भी उसे मृत घोषित कर दिया।कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव नयाबांस निवासी 38 वर्षीय संगीता पत्नी रंजीत जब बाइक से जा रही थी तो एकाएक बाइक फिसल गई और वह बाइक से नीचे गिर गई। इसी दौरान पीछे से एक ट्रैक्टर आ रहा था और वह ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर अफरा तफरी मच गई और वहां भीड़ लग गई। कुछ लोग उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। जिला अस्पताल में इस महिला को मृत घोषित कर दिया।प्राइवेट अस्पताल में भी किया मृत घोषित इसके बाद परिवार के लोग उसे प्राइवेट अस्पताल में भी ले गए। वहां भी महिला को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद परिवार के लोग डेडबॉडी को अपने साथ ले गए। घटना के बाद गांव में मातम छा गया।

## सेवा भारती केंद्र पर पदाधिकारियों ने स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई

हाथरस। बारह जनवरी को सेवा बस्ती नगला सिंघी के सेवा भारती केन्द्र पर सेवा भारती के पदाधिकारीयों ने स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई। कार्यक्रम में विवेकानंद जी के छवि चित्र पर सेवा भारती के जिला अध्यक्ष ललित किशोर अग्रवाल एवं पूर्व चेयरमैन श्रीमती डौली माहौर ने दीपप्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। एवं सभी पदाधिकारीयों ने श्रद्धांजली अर्पित की इस अवसर पर सेवा भारती केन्द्र के सभी बच्चों को गर्म जैकेट एवं बिस्किट दिए। कार्यक्रम में श्रवण कुमार के साथ नगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष भंवर सिंह पौरुष, बासुदेव माहौर, राजीव कुमार आर्य, मुकेश कुमार आदि सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गौशाला में अधिकांश गायों की स्थिति अत्यंत निद्नीय,चारा पानी अन्यखाद्यान्न की व्यवस्था पूर्ण नही रेखा राणा

हाथरस। जनपद के कस्बा सादाबाद में स्थानीय आगरा रोड स्थित मंडी समिति के सामने नगर पंचायत के संचालन में गौशाला में लगभग 600 गायों की गौशाला में अधिकांश गायों की स्थिति अत्यंत निद्नीय हो चुकी है क्योंकि गौशाला में गायों के लिए चारा पानी अन्य खाद्यान्न की व्यवस्था पूर्ण रूप से नजर नहीं आई। गौशाला में महिला एवं बाल कल्याण संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा ने अचानक निरीक्षण करने के उपरांत जानकारी देते हुए बताया की गौशाला में लगभग एक दर्जन गाय बीमारी के कगार पर हैं और वहा के कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई पर किसी भी स्तर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है गंदगी के साम्राज्य होने के कारण गायों का बुरा हाल है उन्होंने बताया कि वहां पर एक जेसीबी भी मौजूद है और पूर्व में मुझे जानकारी मिली कि यहां पर गायों का गुप्त रूप से बहुत बुरा हाल किया जाता है जो मुझे बयां करने में भी शर्म महसूस हो रही है इतने समय के दौरान प्रशासन ने इस गौशाला का निरीक्षण नही लंबे समय से नहीं किया है मैं प्रशासन का ध्यान इस तरफ देना चाहती हूं की गाय माता का रूप दिया गया है इसे राष्ट्रीय माता कहा जाता है लेकिन प्रशासन ईश्वर ध्यान नहीं दे रहा कि हमारी गौ माता का स्थिति किस स्तर की बनी हुई है मौजूदा कर्मचारियों का ध्यान अभी तक उनकी देखभाल की तरफ नहीं गया है और लापरवाही हावी नजर आ रही है निरीक्षण के दौरान संगठन के पदाधिकारी से गौशाला कर्मियों की नोक झोंक भी हुई और गौशाला कर्मी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया गया। महिला एवं बाल कल्याण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा ने निरीक्षण के दौरान गौशाला कर्मियों से गायों की देखभाल करने के बारे में डॉक्टरों की जानकारी की तो डॉक्टर पी सिंह का मोबाइल नंबर भी गलत बता दिया जिससे उनकी कर्मियों की पोल नहीं खुल सके। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा के अलावा जिला अध्यक्ष दिनेश बघेल जिला उपाध्यक्ष राज बहादुर उर्फ जानू चौधरी संगठन मीडिया प्रभारी अनिल चौधरी आदि गौशाला कमी धर्मवीर द्वारा संगठन की पदाधिकारी से अभद्र भाषा करने के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा ने प्रशासन से मांग की है गौशाला कमी व इंचार्ज धर्मवीर के खिलाफ अति शीघ्र कार्रवाई की जाए। ओर गौशाला में बीमार गायों का उपचार कराया जाए।

## हाथरस में बीती रात हुई रिमझिम बारिश ने शीतलहर का प्रकोप बढ़ा दिया

हाथरस में बीती रात हुई रिमझिम बारिश ने शीतलहर का प्रकोप बढ़ा दिया है। बारिश के कारण शहर की सड़कों पर जगह–जगह कीचड़ जम गई, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। देर रात तक हुई बारिश के बाद सुबह हल्का कोहरा छा गया, जिससे वाहनों को लाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा।बारिश के कारण शहर के कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति भी कई घंटों तक बाधित रही, जिससे लोगों को अति. रिक्त परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह बाजारों में लोगों की आवाजाही काफी कम रही और सन्नाटा पसरा रहा। बढ़ी हुई ठंड से बचने के लिए लोग या तो अलाव का सहारा ले रहे हैं या गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं।अभी और बढ़ेगा सर्दी का प्रकोपमौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में सर्दी का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है। साथ ही कोहरे की स्थिति भी बनी रहेगी। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। विशेषकर सुबह और देर रात यात्रा करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

## हाथरस में एक हृदयविदारक घटना में 4 वर्षीय मासूम बच्ची की सीवर टैंक में डूबने से मौत हो गई

हाथरस में एक हृदयविदारक घटना में 4 वर्षीय मासूम बच्ची की सीवर टैंक में डूबने से मौत हो गई। घटना हाथरस गेटकोतवाली क्षेत्र के गांव विसरात में हुई, जहां एक निर्माणाधीन मकान में बच्ची खेलते समय खुले सीवर टैंक में गिर गई।मृतक बच्ची की पहचान अंशिका उर्फ लाड़ली के रूप में हुई है, जो स्थानीय निवासी राहुल की इकलौती संतान थी। राहुल, जो पेशे से बेलदार हैं। घटना के समय उसी मकान के निर्माण कार्य में व्यस्त थे। दुर्भाग्यवश, उनकी बेटी खेलते–खेलते वहां पहुंच गई और अचानक टैंक में गिर गई।अस्पताल में बच्ची को किया मृत घोषित स्थानीय लोगों ने जैसे ही घटना देखी, तुरंत बच्ची को टैंक से बाहर निकाला और तत्काल जिला अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले गए, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।यह घटना परिवार के लिए विशेष रूप से दुखद है क्योंकि अंशिका राहुल की एकमात्र संतान थी। घटना के बाद से पूरे परिवार और गांव में शोक की लहर है।

## आबकारी टीम ने सिकंदराऊ बाईपास रोड पर वाहनों की सघन चेकिंग की

हाथरस। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश जिलाधिकारी के आदेश क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में कुलदीप चौहान आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 , मय आबकारी टीम द्वारा सिकंदराऊ बाईपास जी टी रोड पर वाहनों की सघन चेकिंग की गई, साथ ही अपराध निरोधक क्षेत्र सिकंदरा राऊ में स्थित दुकानों के सीसीटीवी कैमरे के संचालन, टेस्ट परचेज कर ओवर रेटिंग की जांच की गई।दुकानों के नियमानुसार संचालन, दुकानों में पर्याप्त मदिराध्बीयर के स्टॉक को सुनिश्चित करने के लिए अनुज्ञापियों को निर्देश दिए गए।

## कोहरा–शीतलहर के बीच देर रात तक . रुक–रुककर हुई बारिश, बढ़ी ठंड



हाथरस। दोपहर करीब दो बजे हल्की धूप निकली, लेकिन यह ठंड से राहत नहीं दे पाई। शाम ढलने के बाद बारिश होने से ठंड के तेवर और तल्ख हो गए। लोग जल्दी घरों में घुस गए और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया।जनपद में मौसम ने बीती देर शाम फिर करवट बदली। कोहरा और शीतलहर के प्रकोप के बीच शाम को बादल गरज उठे। रिमझिम बारिश शुरू हो गई। देर रात तक रुक–रुककर बारिश होती रही, जिससे ठंड बढ़ गई। लोग ठंड से कांपते नजर आए और हीटर व अलावों के सहारे राहत पाते नजर आए। मौसम विभाग ने 11 जनवरी से दो दिन तक पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना जताई थी। संभावना के तहत 11 जनवरी की शाम को बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बीच बादल बरस उठे। पहले रिमझिम बारिश हुई, उसके बाद रुक–रुककर बारिश होती रही। इधर, किसानों का कहना है कि हल्की बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है। इससे सिंचाई की भी आवश्यकता नहीं होगी। तेज बारिश हुई तो फसलों को नुकसान हो सकता है। गौरतलब है कि बीती दस जनवरी को पूरी रात घना कोहरा छाया रहा। 11 जनवरी को दिन की शुरुआत भी को. हरे के साथ हुई। पूरी रात सड़कों पर वाहन रेंग–रेंगकर चलते नजर आए। कोहरा इतना घना था कि दो कदम की दूरी का दृश्य भी नजर नहीं आ रहा था। सुबह कोहरा तो छंट गया, लेकिन बादल छाये रहे। ठंड से लोग ठिठुरते रहे। सिर से पांव तक गर्म कपड़ों में लिपटे होने के बावजूद लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल रही थी। हालांकि दोपहर करीब दो बजे हल्की धूप निकली, लेकिन यह ठंड से राहत नहीं दे पाई। शाम ढलने के बाद बारिश होने से ठंड के तेवर और तल्ख हो गए। लोग जल्दी घरों में घुस गए और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया।

## हाथरस में एक महिला को उसके पति ने जमकर मारा पीटा

हाथरस में एक महिला को उसके पति ने जमकर मारा पीटा। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं।हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मेंडू निवासी एक महिला के साथ उसके पति ने जमकर मारपीट की। इस महिला का मायका हाथरस जंक्शन क्षेत्र के ही एक गांव में है। पीड़ित महिला का कहना है कि कल उसे उसके मायके से उसका भाई उसकी ससुराल छोड़ कर गया था। उसकी ससुराल में उसके पति ने उसके साथ जमकर मारपीट की। महिला का आरोप है कि उसका पति उससे यह कहता है कि तू मेरे पिता के साथ सो।गलत काम करने से किया मना तो पीटा महिला का आरोप है कि जब उसने यह गलत काम करने से मना कर दिया तो उसके पति ने उसे डंडे से जमकर मारा पीटा। इससे उसकी गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पीड़ित महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया है।

## हाथरस के हिंदू बहुल इलाके में क्या पुलिस चलवा रही मीट होटल?

हाथरस की मुरसान पुलिस को निशाने पर लिया जा रहा है। वीडियो में कहा जा रहा है कि हिंदू बाहुल्य इलाके में मीट का अवैध होटल खुला है और इसमें पुलिस की भी मिलीभगत है। सजग टीम की पड़ताल में ये दावा झूठा पाया गया।सोशल मीडिया पर जो वीडियो शेयर किया गया है, उसमें दो युवक बाइक पर बैठकर एक गली से निकल रहे हैं। रास्ते में बाइक एक छोटे से होटल पर कुछ देर के लिए रुकती है और वहां खड़े एक नाबालिग बच्चे से सवाल पूछती है। बाइक पर बैठा एक युवक अपने मोबाइल से वीडियो भी बना रहा है। सवाल पूछने के बाद दोनों युवक वहां से निकल जाते हैं।मुख्यसाहब के सख्त आदेश के बाद भी पुलिस विभाग का मूक दर्शन बने रहना संदेह पैदा करता है। असलियत बाबा को पता लग सके। मीट की दुकान से हिंदू महिलाओं का जीना दिश्वार है और पूजा करना व्यर्थ। फिर भी मुरसान पुलिस मुगलों के सामने नतमस्तक है। अतः आप सभी हिंदू भाइयों से निवेदन। पोस्ट इतना वायरल करें कि मुरसान पुलिस और मुगलों की मिली भगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साहब तक पहुंचे और ऐसे पुलिस वालों की

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा